
**धोखाधड़ी** ▶ एसपी ने पूर्व मंत्री जायसवाल को फारेक्स ट्रेडिंग मामले में जल्द कार्यवाही का दिया आश्वासन

# करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को पकड़ने की मांग



**नवभारत, वारासिवनी।** क्षेत्र मे फारेक्स ट्रेडिंग के नाम पर करोडो रूपये की धोखाधडी मामले के पीडितो ने आज पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के निवास जाकर आरोपीयो पर कार्यवाही की मांग की। जिस पर प्रदीप जायसवाल ने पुलिस अधिक्षक आदित्य मिश्रा के समक्ष दूरभाष पर पुरी जानकारी रखकर पीडितो की व्यथा से अवगत कराया। जिस पर पुलिस अधिक्षक श्री मिश्रा ने जल्द तत्परता के साथ इस मामले के आरोपीयो पर कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया है।

बालाघाट जिले के डबलमनी मामलो की गूंज अभी थमी भी नही थी की वारासिवनी क्षेत्र मे कथित निवेश धोखाधडी का नया मामल सामने आ गया है। जिसमे कुछ निवेशको ने आरोप लगाया है की फारेक्स ट्रेडिंग के नाम उनसे लाखो की राशी लेकर कम समय मे राशी दुगुना करने और भारी मुनाफा कमाने का लालच दिया गया है।

आज लगभग दो दर्जन से अधिक पीडितो ने नगेन्द्र रंगारे के साथ जाकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल को जानकारी दी की हम लोगो ने पुलिस स्टेशन जाकर बकायदा लिखित शिकायत दर्ज करा दी है।

किंतु लंबे समय से लेकर आज तक राजा अली सहित अन्य आरोपीयो पर कोई कार्यवाही नही हुयी है। आज पूर्व मंत्री के निवास पर नगेन्द्र रंगारे के साथ पीडितो मे सर्वश्री मुमताज अंसारी, मिनाज अली,कांता ठाकरे, शैलेश शेंडे, कमलेश शेंडे,नवनीत हेडाउ आदि लोग पहुचे थे।

पीडितो के पक्ष को सुनने के बाद तत्काल पुर्व मंत्री श्री जायसवाल ने इस मामले को पुलिस अधिक्षक आदित्य मिश्रा के संज्ञान मे लाते हुये कहा की पीडितो की अभी भी मांग है की इस मामले के आरोपीयो पर गंभीर और कडक कार्यवाही होनी चाहिये। इस मामले मे अनुविभागीय पुलिस अधिकारी के समक्ष पीडितो के बयान भी हो चुके है।

इस जानकारी पर पुलिस अधिक्षक ने पूर्व मंत्री को आश्वस्त कराते हुये कहा की वर्तमान मे धान, जमीन आदि बडे मामले पुलिस की जांच मे चल रहे है। व्यस्तता के बावजूद पुलिस विभाग ने इस मामले को भी गंभीरता से लिया है। जल्द इस मामले मे भी आरोपीयो पर गंभीर कार्यवाही सभी को नजर आयेगी।

दुसरी ओर एक सवाल पर श्री जायसवाल ने कहा की इस मामले मे राजा अली या अन्य आरोपीयो के नाम से हमे कोई मतलब नही है। पीडितो ने जिस भी आरोपीयो के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है और बयान दिये है। उन के खिलाफ कार्यवाही अवश्य होनी चाहिये। क्योकि पीडितो के पास मोबाईल से बातचीत सहित अन्य सबूत उन आरोपीयो के खिलाफ आज भी सुरक्षित रखे हुये है। यह मामला अब करोडो रूपये की धोखाधडी तक पहुच गया है।



# 11 कंपनियों ने दिए युवाओं को रोजगार के अवसर

▶ **प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विशाल रोजगार मेले का आयोजन**

**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक दिवसीय विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के निर्देशन में आयोजित इस मेले में जिलेभर के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रोजगार मेले में 500 से अधिक युवाओं ने पंजीयन कर विभिन्न कंपनियों की चयन प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। आयोजन का संचालन प्रभारी डॉ. प्रतिमा बिसेन, कार्यक्रम संयोजक डॉ. सीमा श्रीवास्तव तथा जिला नोडल अधिकारी श्री अनिल कुमार पंचारिया के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मौसम बिसेन हरिनखेड़े, सदस्य, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका परिषद बालाघाट की अध्यक्ष भारती ठाकुर, समाजसेवी एवं उद्योगपति किरण भाई त्रिवेदी, समाजसेवी तपेश असाटी तथा आशीष मिश्रा शामिल रहे। अतिथियों ने युवाओं को कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार, व्यक्तित्व विकास तथा आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर अंशुल जायसवाल (डायरेक्टर, सतपुड़ा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग), गुनसागर गायकवाड़ (हेड एचआर) तथा नवीन कुमार श्रीवास्तव (एमएसएमई) ने उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं, रोजगार की संभावनाओं और करियर निर्माण के विभिन्न आयामों पर विस्तार से जानकारी दी। रोजगार मेले का आयोजन जॉब सही डॉट कॉम एवं सतपुड़ा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के सहयोग से किया गया, जिसमें प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. गोरखनाथ भुरे एवं मंसूरी सर का विशेष योगदान रहा। रोजगार मेले में हुंडई, न्यूबेनो, निको, हायर, स्टार, किमल, फाइट ऑटोमोबाइल सहित कुल 11 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लेकर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। जिले के सभी 14 महाविद्यालयों के प्राचार्य, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर (टीपीओ) तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं इस आयोजन में शामिल हुए।

**एक नजर में**

## विशेष लोक अदालत 18 को

**नवभारत कटंगी।** चेक बाउंस और धारा 138 एनआई एक्ट के लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए 18 जुलाई शनिवार को कटंगी में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रणेश कुमार प्राण, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और सतीश शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन तथा शबाना खान, न्यायिक मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। तहसील विधिक सेवा समिति कटंगी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लोक अदालत में न्यायालय में लंबित धारा 138 एनआई एक्ट और चेक बाउंस से संबंधित प्रकरणों का आपसी राजीनामा/सुलह के आधार पर निराकरण किया जाएगा।

## मप्र आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष बने दिनेश धुर्वे


**नवभारत न्यूज बालाघाट।** मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद प्रदेश अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंगार के निर्देशानुसार बालाघाट आदिवासी विकास परिषद जिला अध्यक्ष के लिए बालाघाट जिले के ऊर्जावान,समर्पित नेता दिनेश धुर्वे की नियुक्ति की गई है।

दिनेश धुर्वे को मिले इस नव दायित्व के लिए उनके चाहने वाले सामाजिक धार्मिक राजनीतिक ईस्ट मित्र के साथ बालाघाट की विधायक श्रीमती अनुभा मुनजारे ने हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई होते हुए कहा कि आप हमेशा जनहित एवं आदिवासी समाज के विषय को मुखरता से उठाएंगे ऐसी आशा करती हूं।

## आज प्रधानमंत्री करेंगे 75 अमृत स्टेशनों का लोकार्पण

**नवभारत, बालाघाट।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित किए गए देशभर के 75 पुनर्विकसित अमृत रेलवे स्टेशनों एवं अन्य रेल परियोजनाओं का लोकार्पण एवं राष्ट्र को समर्पण प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 जुलाई को दोपहर 2 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर बालाघाट रेलवे स्टेशन में भी कार्यक्रम का आयोजन होगा, जहां स्टेशन पर किए गए विकास एवं निर्माण कार्यों का औपचारिक लोकार्पण किया जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बालाघाट रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और स्टेशन के आधुनिकीकरण के लिए विभिन्न निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य किए गए हैं।

# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ निकाली गई



**नवभारत, परसवाड़ा।** जगन्नाथ धाम उकवा में महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र स्वामी एवं माता सुभद्रा की भव्य रथयात्रा गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुई। रथयात्रा में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

रथयात्रा का शुभारंभ विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती के साथ किया गया। सुसज्जित रथ में विराजमान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रथयात्रा नगर के जगन्नाथ धाम से मात्र कालोनी शीतला माता मंदिर में पहला पड़ाव, शीतला माता मंदिर से मुख्य मार्ग होते हुए दुसरा पड़ाव रजत रोडलाईस से होकर तीसरा पड़ाव अग्रवाल स्वीट्स ,चौथा पड़ाव गुरुकृपा आनलाईन से होकर पांचवां पड़ाव संतोष ज्वेलर्स से होकर छटवां पड़ाव मेथोडिस्ट चर्च गुदमा से होकर सातवां पड़ाव रेंज आफिस चौक से होकर सार्वजनिक शीतला माता मंदिर में प्रवेश हुए जहां श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया गया एवं फल जूस चाय नाश्ता पानी का वितरण किया गया । यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों एवं धार्मिक जयघोषों ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक रथ खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# नशामुक्ति अभियान 2 .0 के तहत तंबाकू विक्रेताओं पर की कार्रवाई



**नवभारत, बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में जिले में 'नशामुक्ति अभियान 2.0' एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 'तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान' अभियान को तेज करते हुए शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई की गई।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी डॉ. षलुभा मचगाहे के नेतृत्व में गठित संयुक्त दल ने बूढ़ी आईटीआई, भटेरा चौकी, मोती नगर एवं गोंदिया रोड स्थित शैक्षणिक संस्थानों के आसपास निरीक्षण किया। अभियान में डॉ. रंजना नंदा, नगर पालिका सदस्य महेंद्र कवाडे, रोहित डोंगरे तथा थाना कोतवाली बालाघाट के आरक्षक ईश्वर चंद्र एवं मुकेश पंद्रे भी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के प्रतिबंधित क्षेत्र में तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 की धारा 6(बी) के तहत चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही संबंधित दुकानदारों को नियमों का उल्लंघन नहीं करने की सख्त चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान नागरिकों को तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध संबंधी नियमों से भी अवगत कराया गया।

# केनरा बैंक की बड़ी कार्रवाई : कर्ज नहीं चुकाने पर मकान किया सील



**नवभारत,खैरलांजी।** खैरलांजी मुख्यालय अंतर्गत ग्राम खड़खड़ी में केनरा बैंक ऋण वसूली को लेकर एक बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र में हलचल मचा दी है। राधेश्याम करकाडे (पिता सेगो करकाडे) के मकान पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश (केस नंबर 0041/क्र-121/2019-2020, दिनांक 09-12-2019) के तहत विधिवत कब्ज़ा लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संबंधित मकान मालिक द्वारा घर को बंद कर दिया गया था, जिससे बैंक की वसूली प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इसके चलते प्रशासनिक टीम को मौके पर पहुंचकर ताला तोड़ना पड़ा और बैंक को संपत्ति का कब्ज़ा दिलाया गया। इस पूरी कार्रवाई के दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी, कोटवार, पुलिस बल सहित केनरा बैंक सिवनी शाखा के डीएम नीतेश कुमार श्रीवास्तव खैरलांजी शाखा प्रबंधक आलोक गुड़िया भी मौजूद रहे, जिससे कार्रवाई पूरी तरह कानूनी और प्रशासनिक निगरानी में संपन्न हुई। कार्रवाई के दौरान मौके पर ही संपत्ति का विस्तृत पंचनामा तैयार किया गया, जिसमें मकान के अंदर मौजूद वस्तुओं एवं स्थिति का रिकॉर्ड दर्ज किया गया। इसके पश्चात बैंक के प्रतिनिधियों ने मकान के मुख्य कमरे,पिछले दरवाजे एवं मुख्य दरवाजे पर ताला शाखा के समस्त कर्मियों के द्वारा अथक प्रयास से उन्हें सील कर दिया, ताकि संपत्ति सुरक्षित रह सके और आगे की प्रक्रिया में कोई व्यवधान न हो।

# 28 को पूर्व सैनिकों के लिए लगेगा ईसीएचएस मोबाइल मेडिकल शिविर

**नवभारत, बालाघाट।** भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक टाइप 'ई' मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू), जबलपुर द्वारा 28 जुलाई 2026 को जिला मुख्यालय बालाघाट स्थित सर्किट हाउस में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा।

शिविर में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों (शहीद एवं पूर्व सैनिकों की विधवाओं) तथा उनके आश्रित परिवारों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास (सेवानिवृत्त) के मार्गदर्शन में स्टेशन मुख्यालय जबलपुर से विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की टीम बालाघाट पहुंचेगी। शिविर में ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक जबलपुर के ओआईसी कर्नल विजेन्द्र सिंह, डॉ. शिवम खेत्रपाल एवं उनकी टीम द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। जिन मरीजों को विशेष उपचार की आवश्यकता होगी, उन्हें आगे की चिकित्सा के लिए ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक, जबलपुर भेजा जाएगा। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ने बालाघाट एवं सिवनी जिले के सभी पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रित परिवारों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है। यह शिविर पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को उनके निवास क्षेत्र के निकट बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# पांढरवानी में सात किसानों का कराया गया फसल बीमा



**बालाघाट।** जिले के ग्राम पांढरवानी में कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने सात किसानों का फसल बीमा कराया तथा अन्य किसानों को भी समय सीमा के भीतर बीमा कराने के लिए प्रेरित किया। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास फूलसिंह मालवीय ने बताया कि किसानों को 31 जुलाई तक अपनी फसलों का बीमा अनिवार्य रूप से कराने की सलाह दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि मौसम वैज्ञानिकों द्वारा अल नीनो के प्रभाव के कारण इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा होने की आशंका जताई गई है। ऐसी स्थिति में किसानों के लिए फसल बीमा सुरक्षा कवच का कार्य करेगा। प्राकृतिक आपदाओं से फसल को नुकसान होने की स्थिति में फसल बीमा योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता प्राप्त की जा सकेगी।

# छात्र-छात्राओं को जेंडर समानता एवं सुरक्षा के प्रति किया जागरूक




**नवभारत, बालाघाट।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन एवं वन स्टॉप सेंटर, बालाघाट द्वारा विकासखंड परसवाड़ा के पीएम श्री शासकीय माध्यमिक शाला सरेखा एवं ग्राम पंचायत परसा टोला (कुमादेही) में जेंडर संवेदीकरण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर मृणाल मीणा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, देवेन्द्र कुमार सुन्दर्याल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में लैंगिक समानता, पारस्परिक सम्मान, सुरक्षित व्यवहार तथा सामाजिक संवेदनशीलता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था। इस दौरान वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर श्रीमती संध्या चौधरी ने विद्यार्थियों को महिला एवं पुरुष के समान अधिकार, लैंगिक भेदभाव के दुष्प्रभाव, बाल संरक्षण, गुड टच एवं बैड टच, साइबर सुरक्षा तथा महिलाओं एवं बच्चों के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की सेवाओं, आवश्यकता पड़ने पर इनके उपयोग की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या शोषण की स्थिति में बिना संकोच संबंधित हेल्पलाइन एवं प्रशासन से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

**लापरवाही** ▶ कब्रिस्तान पहुंच सड़क में भ्रष्ट तंत्र की खुली पोल

# एक माह में ही सड़क में आई दरारें, सरकारी धन लूटने का आरोप





**नवभारत कटंगी ।** जीवन की अंतिम यात्रा के लिए बनाई गई कब्रिस्तान पहुंच सड़क भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। नगर परिषद कटंगी द्वारा लाखों रुपये की लागत से बनी यह सड़क बरसात की पहली ही बौछार नहीं झेल पाई और एक माह के भीतर ही जगह-जगह दरारें आ गईं। इस घटना ने निर्माण कार्य में बरती गई घोर लापरवाही और कमीशनखोरी की पोल खोल दी है।

### ग्रामीणों की चेतावनी को किया अनसुना

निर्माण शुरू होते ही स्थानीय लोगों ने सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा था कि सड़क तकनीकी रूप से अनुपयुक्त है और ज्यादा दिन नहीं चलेगी। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने उनकी आवाज को पूरी तरह दरकिनार कर दिया। नतीजा ये हुआ कि लाखों रुपये का घोटाला हुआ और सड़क बनने के एक महीने में ही उखड़ने लगी।

### 15% कमीशन का खेल

सूत्रों के अनुसार नगर परिषद में हर निर्माण कार्य पर15% कमीशन की सुनियोजित लूट चल रही है। इस सड़क में न तो एस्टीमेट के अनुसार काम हुआ, न भूगर्भीय जांच की गई और न ही ठोस बेस बनाया गया। सिर्फ कागजों पर खानापूर्ति कर स्वीकृत राशि निकाल ली गई। सबसे बड़ा सवाल यह है कि कार्य की लागत, निर्माण एजेंसी और अन्य जानकारी छुपाने के लिएकार्यस्थल पर सूचना पटल तक नहीं लगाया गया। इसके बावजूद कार्य को पूर्ण बताकर ठेकेदार को भुगतान भी कर दिया गया।

### जिम्मेदारों पर उठे सवाल

नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने ठेकेदार, उपयंत्री और सीएमओ से सीधे सवाल किए हैं: फील्ड पर रहने के बावजूद गुणवत्ता पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया? बिना तकनीकी जांच के कार्य पूर्ण कैसे माना गया? उपयंत्री की फर्जी रिपोर्ट के आधार पर भ्रष्टाचार को कब तक संरक्षण मिलता रहेगा?

### उच्च स्तरीय जांच की मांग

नगर के नागरिकों ने मांग की है कि इस मामले कीउच्च स्तरीय जांच कराई जाए। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ठेकेदार कोब्लैकलिस्ट किया जाए और सरकारी धन की वसूली की जाए।

# हरी खाद की ढैंचा फसल अब बनेगी मुनाफे का जरिया

▶ **कम बारिश में किसानों ने बदली रणनीति**



**बालाघाट।** बदलते मौसम और कम वर्षा की चुनौती के बीच खैरलांजी विकासखंड के किसानों ने परिस्थितियों के अनुरूप खेती की रणनीति बदलकर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। ग्राम चोरपिंडकेपार के प्रगतिशील किसान जयंत बिसेन एवं राजेश उइके ने इस वर्ष हरी खाद के लिए बोई गई ढैंचा की फसल को बीज उत्पादन में बदलने का निर्णय लेकर नुकसान को मुनाफे में बदलने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

कृषि विभाग के मार्गदर्शन में दोनों किसानों ने अपने खेतों में हरी खाद के लिए विभाग से ढैंचा बीज प्राप्त कर उसकी बुवाई की थी। सामान्य परिस्थितियों में ढैंचा की फसल को खेत में पलटकर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाई जाती है, जिससे धान की खेती को लाभ मिलता है। लेकिन इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव के कारण अपेक्षित वर्षा नहीं होने से धान की खेती प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। ऐसी स्थिति में किसानों ने समय रहते निर्णय लेते हुए ढैंचा की फसल को खेत में न पलटकर बीज उत्पादन के लिए तैयार करने का फैसला किया। वर्तमान में लगभग आधा एकड़ क्षेत्र में लगी ढैंचा की फसल फूल आने की अवस्था में है और बीज उत्पादन के लिए पूरी तरह अनुकूल दिखाई दे रही है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि ढैंचा के गुणवत्तापूर्ण बीज की बाजार में अच्छी मांग रहती है। ऐसे में इस फसल से किसानों को इतनी आय होने की संभावना है, जो लगभग धान की एक फसल से मिलने वाली आय के बराबर हो सकती है। इससे किसानों को मौसम की मार से राहत मिलेगी और उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।